



# सीएम हेल्पलाइन की 'नॉन-अटेंडिंग' शिकायतों पर अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी तय : जैन

## गेहूँ, चना एवं सरसों खरीदी के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण करें, टी.एल बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा



नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 25 मार्च, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में टी.एल. समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रभावी कार्य करें. पिछली बार इस अभियान के जो कार्य अपूर्ण है, उन्हें पूर्ण करायें.**

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि नॉन-अटेंडिंग शिकायतों तथा 50 दिनों से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में कम प्रगति लाने वाले अधिकारियों से कहा कि संतुष्टिजनक प्रगति नहीं आने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तथा एसीएस के बैठकों में दिये निर्देशों का पालन प्रतिवेदन देने और जो भी प्रकरण लंबित है उन पर कार्य करें. धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत सहयोगी व उप सहयोगी समिति का गठन करने, गौर नदी के पुनर्जीवन, पुस्तक मेला, डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना और हिरण्यगर्भा अभियान के साथ गौशालाओं के लिए भूमि आवंटन के संबंध में आवश्यक निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये. बैठक में कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ, चना एवं भावांतर योजना में सरसो खरीदी के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की.

इस दौरान बताया गया कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए जिले में 26 केंद्र बनाये गए है. समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों का सत्यापन किया जा रहा है. भावांतर योजना में सरसो की खरीदी एक अप्रैल से प्रारंभ हो रही है. जिले में सरसो विक्रय के लिए किसानों ने अपना पंजीयन कराया है. कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ एवं चना तथा भावांतर योजना में सरसो खरीदी के लिए सभी आवश्यक तैयारियॉं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये. बैठक में आई गोट कर्मयोगी पोर्टल में अंतर्गत चिन्हित विषयों में दस-दस कोर्स करने के निर्देश दिये गये. जिनमें पांच विभागीय हों तथा पांच अन्य विषय से संबंधित कोर्स हों. इस अवसर पर अपर कलेक्टर पी.के. पांडेय, संयुक्त कलेक्टर ए.पी. द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर पवन गौरैया एसडीएम मऊगंज, एसडीएम हनुमना सहित अधिकारी उपस्थित रहे.



# कलेक्टर ने कृषक के बायो रिसोर्स सेंटर पहुंचकर ली जानकारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 मार्च, लक्ष्मणपुर ग्राम पंचायत के किसान अशोक कुशवाहा अपनी तीन एकड़ जमीन में से डेढ़ एकड़ जमीन में प्राकृतिक खेती कर रहे हैं.**

इसके साथ ही उन्होंने बायो रिसोर्स सेंटर भी बनाया है जहाँ वह प्राकृतिक खेती के उपयोग में आने वाले बीजामृत, जीवामृत, नीमास्त्र एवं ब्रम्हास्त्र आदि का निर्माण कर रहे हैं. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने किसान के बायो रिसोर्स सेंटर पहुंचकर प्राकृतिक खेती के संबंध में जानकारी ली. उन्होंने कहा कि बायो रिसोर्स सेंटर अन्य किसानों के लिए भी उपयोगी होगा जहाँ से वह प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक होंगे और प्राकृतिक खेती में उपयोग में आने वाले प्रकल्पों का भी क्रय कर सकेंगे. कलेक्टर ने कृषि विभाग के उप संचालक को निर्देश दिए कि कस्टम हायरिंग सेंटर के समान ही बायो रिसोर्स सेंटर भी स्थापित कराएं. यह किसानों के लिए एक अच्छा माध्यम होगा. उप संचालक ने बताया कि जिले में आठ बायो रिसोर्स सेंटर स्थापित कराए गए हैं.

भ्रमण के दौरान किसान अशोक कुशवाहा ने बताया कि प्राकृतिक खेती से प्रेरणा लेकर गांव के अन्य किसान भी प्राकृतिक खेती करने लगे हैं. इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम संजय जैन, उप संचालक कृषि उपस्थित रहे.

# श्रीराम शोभायात्रा को लेकर बैठक में हुई तैयारियों पर चर्चा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 मार्च, श्रीराम जन्मोत्सव समिति व हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार की संयुक्त बैठक फोर्ट रोड स्थित कार्यालय में धर्म परिवार के अध्यक्ष वरिष्ठ समाज सेवी गुरमीत सिंह मंगू के अध्यक्षता में हुई.**

उक्त बैठक में शहर के सर्व समाज के लोगों, व्यापारी बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में राम नवमी 27 मार्च को शहर में निकलने वाली श्रीराम शोभा यात्रा में शामिल होने व स्वागत करने की अपील गुरमीत सिंह मंगू ने की. उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम जी का जन्मोत्सव सभी को श्रद्धा भाव के साथ मानना चाहिए. उन्होंने सभी से 27 मार्च को 3 बजे किला स्थित भगवान महामृत्युंजय मंदिर परिसर से प्रभु श्रीराम जी की गाड़ी पूजन उपरांत शहर भ्रमण में निकलने वाली शोभायात्रा में शामिल होकर जगह-जगह लोगों को खुले मन से स्वागत करते हुए प्रभु रामजी से यह आराधना करनी चाहिए की रीवा शहर नशा मुक्त हो, लोग स्वस्थ रहें और रीवा में प्रेम भाई चारा कायम रहे. श्री मंगू ने यह भी कहा कि उन्होंने यह भी कहा कि धर्म परिवार अस्पताल चौराहे में श्रीराम शोभायात्रा का भव्य स्वागत कर यात्रा में शामिल रहेगी. वहीं श्री राम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष नरेश काली ने सभी से शोभायात्रा में परिवार सहित शामिल होकर ऐतिहासिक व यादगार बनाने की अपील की. बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी महेश ठारवानी एडवोकेट श्रीप्रकाश तोमर, एडवोकेट दिलीप ठारवानी अवधेश सिंह विश्वनाथ सिंह बाबा अशोक मिश्रा देवांशु गौतम प्रकाश गुप्ता अमित ठारवानी मौजूद रहे.

# हनुमना तहसील का पहाड़ी सर्किल बना लूट का अड्डा

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 25 मार्च, न्यायालय न्याय का मंदिर होता है उसमें बैठे न्यायाधीश को लोग भगवान का दर्जा देते हैं.**

लेकिन हनुमना तहसील का पहाड़ी सर्किल इन दिनों लूट का केंद्र के रूप में जाना जा रहा है जिससे जहां लोगों में लोगों में आक्रोश व्याप्त है वहीं न्याय के इस मंदिर में बैठे नायब तहसीलदार की मनमानी से लोगों में हाहाकार मचा हुआ है. उल्लेखनीय है कि जब से हनुमना तहसील के पहाड़ी वृत्त में नायब तहसीलदार के रूप में बुद्धसेन माझी ने कमान संभाली है तब से बिना भटके परेशान हुए कोई भी काम पहाड़ी वृत्त में नहीं होता. बेचारे महीनों चक्कर लगाने के बाद भी छोटे से छोटे काम के लिए नक्शा तरमीन, नकल या फिर फैसला हर काम में बिना चढ़ोत्तरी के काम नहीं होता. लोगों ने मऊगंज कलेक्टर संजय जैन, संभाग आयुक्त एवं राजस्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए ऐसे तहसीलदार को तत्काल हटाने की मांग करते हुए कहा है कि अगर शीघ्र पहाड़ी वृत्त के नायब तहसीलदार को नही हटाया गया तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा.



कलेक्ट्रेट में आवेदको की समस्यायें सुनते कलेक्टर संजय कुमार जैन

# नगर परिषद गुढ़ कार्यालय में शोकसभा कर दी गई श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 25 मार्च, गुढ़ नगर परिषद वार्ड 13 निवासी एवं गुढ़ नगर परिषद की पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रामबाई कोल पति मोहनलाल कोल का 23 मार्च को 4 बजे तड़के हृदय गति रुकने से निधन हो गया.**




श्रीमती रामबाई अपने वार्ड की कई मजदूर महिलाओं के साथ गुजरात मे कार्य कर रही थी जिनका गुजरात में ही हृदय गति रुकने से मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार रामबाई गुजरात में अपने नाती के साथ रह रही थी श्रीमती रामबाई कोल का पी. एम. गुजरात के सरकारी अस्पताल में कराया जा कर नाती व गांव के अन्य लोगो के साथ रामबाई का शव उनके गृह ग्राम गुढ़ के लिए रवाना कर दिया गया था.

पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष के निधन पर गुढ़ नगर परिषद में शोक सभा का आयोजन कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोहित शुक्ला एवं उपयंत्री आशीष द्विवेद्वी समेत नगर परिषद के समस्त कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है.

# कलेक्टर ने प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य किया कार्य विभाजन

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 25 मार्च, कलेक्टर ने जिले में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य नवीन कार्य विभाजन किया है.**

कार्य विभाजन में संजय कुमार जैन कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अन्तर्गत जिला दण्डाधिकारी, जेल से संबंधित मामले, मध्यप्रदेश पब्लिक सिक्योरियटी एक्ट के मामले, मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा तथा लोक व्यवस्था अधिनियम के मामले, नेशनल सिक्योरियटी एक्ट, सभी प्रकार की अपील, भू राजस्व संहिता ने आदिवासी भूमि विक्रय की अनुमति, खनिज से संबंधित प्रकरण, आबकारी अधिनियम के प्रकरण, पेट्रोलियम तथा एक्सप्लोसिव एक्ट के प्रकरण सहित समस्त अधिनियमों के तहत प्रकरणों का निराकरण जिनके अधिकार अन्य न्यायालयों/ अधिकारियों को नहीं दिये गये हैं, का कार्य संपादित किया जायेगा.

मेहताब सिंह गुर्जर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं पदेन अपर कलेक्टर (विकास) को ग्रामीण विकास से संबंधित कार्य, नोडल अधिकारी स्वीप सामान्य निर्वाचन, नोडल अधिकारी आकांक्षी ब्लाक हनुमना सहित जनसमस्या निवारण व लोक कल्याण शिविरों के साथ जिला एवं संभाग स्तर पर होने वाली बैठकों की तैयारी एवं पालन प्रतिवेदन भेजने का कार्य सौंपा.

# जनगणना संबंधी प्रशिक्षण आयोजित

मऊगंज, 25 मार्च, शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना की तैयारी के क्रम में तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण का प्रारंभ किया गया. यह प्रशिक्षण दिनांक 24 मार्च से 26 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है. मऊगंज जिले के लिए नियुक्त फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत प्रगणको एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे.

# कलेक्टर ने आवेदकों की सुनी समस्याएं, निराकरण के निर्देश

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 25 मार्च, कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने 38 आवेदकों की समस्यायें सुनी.**

उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर समाधानकारक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये. बृजभान पटेल निवासी बंधवा कोठार के पट्टे की भूमि में गलत नाम दर्ज होने के आवेदन पर एसडीएम मऊगंज को, बृजवासी प्रसाद तिवारी निवासी जोरौट के नक्शा तरमीम किये जाने के आवेदन पर तहसीलदार नईगढ़ी को तथा रामकरण पटेल निवासी पाड़र के राजीनामे के उल्लंघन, गलत नक्शा तरमीम के आवेदन पर तहसीलदार मऊगंज को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया. इसी प्रकार मऊगंज नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 8 के रहवासियों ने हाई वोल्टेज विद्युत लाइन को आवासीय क्षेत्र से बाहर किये जाने का आवेदन किया. कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये. प्रदीप चतुर्वेदी सुंदरपुर्वा के निजी भूमि से अवैध कब्जा एवं निर्माण रोकने के आवेदन पर तहसीलदार मऊगंज को, शकुंतला सेन निवासी सोनवर्षा के बेदखली का आदेश पालन कराने के आवेदन पर नायब तहसीलदार को तथा दिनेश शुक्ला के नगर परिषद मऊगंज में अधूरी नाली निर्माण को पूर्ण कराने के आवेदन को सीएमओ मऊगंज को कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया. कलेक्टर ने रोशनी शुक्ला के आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर मैरिट सूची में उसके नाम न होने के आवेदन पर कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास को परीक्षण करने के निर्देश दिये. इसी तरह अन्य शिकायते सुन कलेक्टर ने संबंधितों को निराकरण के निर्देश दिये.

# रोजगार मेले में 140 युवाओं को मिला रोजगार

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 25 मार्च, युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है.**

मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में रोजगार मेला आयोजित किया गया. मेले में 217 आवेदकों ने पंजीयन कराया. मेले में शामिल 11 कंपनियों ने 140 युवाओं का चयन किया. रोजगार मेले में शामिल कंपनी बजाज ऑटो लिमि. पुणे महाराष्ट्र में 9, आमधनी संजीव ऑटो प्रा. लि. वालुज महाराष्ट्र में 6, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा में 19, मिग्मा पैकट्रान प्रा. लि. इंदौर में 7, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर, धार (म.प्र.) में 8, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि. रीवा में 10, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा में 37, सीआईआई एमसीसी इंदौर में 14, जेके टायर्स मुरैना में 4, बंसल वायर इन्डस्ट्रीज लि. ग्रेटर नोयडा में 6 तथा एसबीआई लाइफ इश्योरेंस रीवा में 20 युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये.

# ग्रामीण अंचलों में सुधारी जाए स्वास्थ्य व्यवस्था

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 25 मार्च, उप मुख्यमंत्री एवं रीवा विधायक राजेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में रीवा आंचल विकास की नित नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है. रीवा में जहां कभी रेल सेवा का अभाव था आज वहां से हवाई जहाज चलने लगा है.**




इस क्षेत्र का कृषि भूभाग सिंचाई के संसाधनों से निरंतर सराबोर होता जा रहा है. सड़क एवं उद्योग की दिशा में यह अंचल निरंतर विकास कर रहा है. रीवा विकास की दिशा में जिस गति से आगे बढ़ा है वह अत्यंत सराहनी है. किंतु रीवा क्षेत्र में जहां शहरों में स्वास्थ्य सुविधाओं की ओर शासन का उदार रुख दिखा है वही ग्रामीण अंचलों के अस्पतालों में संसाधन होते हुए भी डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ की कमी से यहां के रोगियों को समय पर समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर प्राइवेट अस्पतालों का मकड़जाल इस तरह फैल रहा है कि लोग उपचार के नाम पर शोषण के शिकार हो रहे हैं. यह सौभाग्य है कि राजेन्द्र शुक्ला स्वास्थ्य विभाग के भी मंत्री हैं उनके कार्यकाल में रीवा जिले के प्रत्येक अस्पताल में स्वीकृत पद के अनुरूप चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ की नियुक्ति हो जाती तो इस अंचल के मरीजों को परेशान नहीं होना पड़ता, और वहीं प्राइवेट अस्पतालों के शोषण से मरीज बच सकते हैं. सरकारी अस्पतालों में सुविधा के नाम पर पर्याप्त दवाइयां, अच्छे भवन एवं उपकरण भी शासन द्वारा उपलब्ध कराये गए हैं किंतु उपकरणों को चलाने वाले स्वास्थ्य कर्मचारी पर्याप्त नहीं हैं. जिससे लोगो को सुविधा नही मिल रही है.

# संपति दास गुप्त को सम्मानित किए जाने पर लोगों ने दी बधाई

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 25 मार्च, विंध्य के वरिष्ठ पत्रकार तथा केसरवानी वैश्य सभा मध्य प्रदेश के प्रदेश कार्य समिति सदस्य वैद्य सम्पति दास गुप्त को सम्मानित किया गया.**

प्रयागराज के शंकरगढ़ में होली मिलन एवं नववर्षाभिनंदन समारोह में महापौर गणेश केसरवानी के मुख्य आतिथ्य आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विशेष सम्मान से सम्मानित किए जाने पर मध्य प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष रामकिंकर गुप्ता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं संरक्षक अनिल गुप्ता प्रदेश सचिव सुरेश केसरवानी प्रदेश संगठन मंत्री राजेश केसरवानी कार्यसमिति सदस्य कुंजबिहारी गुप्ता एवं गिरिजा प्रसाद गुप्ता आदि ने बधाई देते हुए कहा है कि प्रयागराज में समा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वैद्य सम्पति दास गुप्त का सम्मान समूचे प्रदेश के केसरवानी समाज का सम्मान है. वही दूसरी ओर अतिरिक्त पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार श्री माली, सचिव शिवरतन नामदेव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुपम गुप्ता ने बधाई दी.

# चाक- सतपुरा मार्ग में होने लगे गड्ढे

चाकघाट 25 मार्च। नदीपार बघेड़ी चाकघाट से लगे गांव सतपुरा, पण्डापुरवा, अमिल कोनी, बरुआ ,अंजोरा की ओर जाने वाले मार्ग में अब धीरे-धीरे गड्ढे होने प्रारंभ हो गए हैं । विगत कुछ वर्ष पूर्व बनी यह डामरीकृत सड़क उखड़ने लगी है, ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर ज्यादा बड़े गड्ढे देखने को मिल रहे हैं। ज्ञातव्य हो कि मौजूदा वक्त बैटरी रिक्शा, आटो की आवा- जाहीइस मार्ग पर ज्यादा होता है। साथ ही रात के समय यह सड़क दो पहिया वाहन वालों के लिए ज्यादा घातक हो सकती है ।सतपुरा निवासी मेजर श्याम सिंह, यशवंत सिंह, दिनेश त्रिपाठी, सूरज पब्लिक स्कूल के संचालक शिवाकांत पांडे इत्यादि लोगों ने संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी महोदय से मांग किया है।



# बृजेश के निधन पर स्वर्णकार समाज ने दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 25 मार्च । स्वर्णकार समाज संघ के द्वारा सर्राफा व्यापारी बृजेश सोनी के असमय निधन हो जाने पर दिए बीते दिन मंगलवार को शोक सभा किया। जिसमें सभी ने ईश्वर से प्रार्थना किया की दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें ।**

सभी ने पवित्र आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा उसके बाद सभी लोगों के द्वारा उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दिया गया। शोक सभा में जिलाध्यक्ष सत्यनारायण सोनी, आप पार्टी के राजेश सोनी, संरक्षक प्रमोद कुमार सोनी, मुन्ना सिंह, सोनी उपाध्यक्ष सर्वजीत सोनी, पप्पू लाल सोनी, रविकांत सोनी, सचिव मोहन सोनी, सह सचिव दीपक गुप्ता, कोषाध्यक्ष सतीश सोनी, सह-कोषाध्यक्ष रतन सोनी, सदस्य रामाश्रय सोनी, हरिहर साव मिठाई लाल सोनी, संतु बंगाली सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# प्रत्येक पौधा भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक निवेश है : सेंथिल नाथ

## हिंडालको महान में मेगा प्लांटेशन अभियान के तहत सीपीपी क्षेत्र में वृहद पौधरोपण, 300 विभिन्न प्रजातियों के पौधे किये गये रोपित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 25 मार्च । महान इकाई द्वारा हरित एवं सतत विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए मेगा प्लांटेशन अभियान के अंतर्गत कोल हैंडलिंग क्षेत्र में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

इस अभियान के तहत लगभग 300 विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए, जिससे इकाई के ग्रीन बेल्ट विस्तार को नई गति मिली। कार्यक्रम में इकाई प्रमुख एस सेंथिल नाथ, पावर प्लांट हेड प्रांजल पाठक सहित शीर्ष प्रबंधन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



सेंथिल नाथ, पावर प्लांट हेड प्रांजल पाठक सहित शीर्ष

अपने विचार व्यक्त करते हुए एस सेंथिल नाथ ने कहा कि हिंडालको महान में पर्यावरण संरक्षण केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।

पौधारोपण जैसे प्रयास हमारी दीर्घकालिक सोच को दर्शाते हैं, जहां हम औद्योगिक प्रगति के साथ प्रकृति के संरक्षण को समान प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक पौधा भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक निवेश है, जिसे संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### एक आदर्श औद्योगिक इकाई का निर्माण पर जोर

पावर प्लांट हेड प्रांजल पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि सीपीपी क्षेत्र में पौधारोपण का विशेष महत्व है, क्योंकि यह क्षेत्र औद्योगिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है। यहां हरित आवरण बढ़ाने से धूल एवं प्रदूषण नियंत्रण में मदद मिलती है, साथ ही कार्यस्थल का वातावरण भी अधिक स्वच्छ और संतुलित बनता है। वृक्षारोपण न केवल पर्यावरणीय सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि यह हमारे कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कार्यक्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। हमारा लक्ष्य है कि उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करते हुए एक आदर्श औद्योगिक इकाई का निर्माण किया जाए।